3

Title: Need to sanction the construction of raods in Bilaspur parliamentary constituency from Central Reserve Fund (CRF).

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : सभापति जी, मैं छत्तीसगढ़ राज्य में अपने चुनाव क्षेत्र बिलासपुर में सड़कों पर जो गड्ढे पड़ गए हैं, जिसकी वजह से आवागमन में असुविधा हो रही है, उसकी ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। इन गड्ढों को भरने के लिए और सड़क की मरम्मत करने के लिए सेंट्रल रोड फंड से पैसा दिया जाए। मेरे लोक सभा क्षेत्र बिलासपुर में ग्राम चिरहुला से ग्राम पथरिया मार्ग सुधारा जाए जो 14 किलोमीटर लम्बा है और ग्राम धमनी से झाल मार्ग वह भी 14 किलोमीटर लम्बा है, इन सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे पड़ गए हैं, जिसके कारण मोटर साइकल, ट्रैक्टर, ट्रक आदि वाहनों को आने-जाने में बहुत असुविधा होती है और उनके कलपुर्जे भी खराब हो रहे हैं। इसलिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि सीआरएफ से पैसा स्वीकृत करके इन मार्गों को दुरुस्त किया जाए। केन्द्रीय सड़क निधि द्वारा सड़कों की मरम्मत और निर्माण के लिए पैसा दिया जाता है। अगर मेरे क्षेत्र की इन सड़कों के लिए भी धन मुहैया कराकर काम कराया जाए, तो वहां के लोगों को काफी सुविधा होगी। इसलिए उपरोक्त मार्गों को केन्द्रीय सड़क निधि से पैसा देकर ठीक कराया जाए।